भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2154**

उत्तर देने की तारीख 4 जुलाई, 2019

13 आषाढ़, 1941 (शक)

# खेल संवर्धन योजनाएं

**2154. डॉ॰ सुभाष रामराव भामरेः**

**डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः**

**श्री बल्ली दुर्गाप्रसाद रावः**

**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः**

**डॉ॰ अमोल रामसिंह कोल्हेः**

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः**

**श्री कुलदीप राय शर्माः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय खेल प्राधिकरण 8-25 आयु वर्ग के मेधावी खिलाड़ियों की पहचान के लिए खेल संवर्धन योजनाएं क्रियान्वित कर रही है और उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भा॰ खे॰ प्रा॰ ने देश में उक्त खेल संवर्धन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्षेत्रीय केन्द्र और शैक्षिक संस्थाएं स्थापित की हैं;

(ग) यदि हां, तो इस कार्य के लिए कार्यरत क्षेत्रीय केंद्रों और शैक्षिक संस्थाओं की संख्या क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान देश में लाभ उठाने वाले खिलाड़ियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या क्या है;

(ङ) उक्त अवधि के दौरान इस योजना के लिए उपलब्ध कराई गई/उपयोग की गई निधि का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का विभिन्न राज्यों में इस तरह क्षेत्रीय केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा किन स्थानों पर ऐसे केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव है; और

(छ) खेल संवर्धन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) जी हां । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सभी आयु वर्गों में खेल प्रतिभा की पहचान करने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पोषित करने हेतु निम्नलिखित स्कीमों का कार्यान्वयन कर रहा है -

- खेलो इंडिया स्कीम
- राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) (61 केंद्र)
- सेना बाल खेल कंपनी (एबीएससी) (26 केंद्र)
- साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) (59 केंद्र)
- विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) (21 केंद्र)
- एसटीसी / एसएजी के विस्तार केंद्र (90 केंद्र)
- उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) (16 केंद्र)
- राष्ट्रीय खेल अकादमियां

(ख) और (ग) जी हां । साई के क्षेत्रीय केंद्रों और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों की सूची अनुबंध-I में दी गई है ।

(घ) यह सूचना अनुबंध - II में दी गई है ।

(ड) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए साई को निधियां प्रदान करता है ताकि साई द्वारा स्थापित प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से, राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) और उन खिलाड़ियों, जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता है, की सहायता करके खेलों का संवर्धन किया जा सके । साई को राज्य और संघ राज्य क्षेत्र वार निधियां प्रदान नहीं की जाती हैं । पिछले 3 वर्षों के दौरान युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा साई के लिए जारी की गई निधियों की सूचना अनुबंध - III में दी गई है ।

(च) जी नहीं । प्रश्न नहीं उठता

(छ) सरकार खिलाड़ियों से नियमित रूप से संपर्क स्थापित करने सहित नियमित आधार पर खेल संवर्धन स्कीमों की निगरानी करती है, विभिन्न राष्ट्रीय खेल परिसंघों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए वार्षिक कैलेंडर (एसीटीसी) का अनुमोदन करती है और साई द्वारा स्थापित प्रशिक्षण सुविधाओं की देखरेख करती है ।

*****

**अनुबंध-I**

**डॉक्टर सुभाष रामराव भामरे, डॉक्टर हिना विजयकुमार गावीत, श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे, डॉक्टर अमोल रामसिंह कोल्हे, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्री कुलदीप राय शर्मा, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 04/07/2019 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2154 के भाग (ख) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**साई के क्षेत्रीय केंद्रों और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के शैक्षणिक संस्थानों की सूची**

| **क्रम संख्या** | **साई के क्षेत्रीय केंद्र** |
|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय केंद्र, बेंगलुरु |
| 2 | क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता |
| 3 | क्षेत्रीय केंद्र, गांधीनगर |
| 4 | क्षेत्रीय केंद्र, भोपाल |
| 5 | क्षेत्रीय केंद्र, सोनीपत |
| 6 | क्षेत्रीय केंद्र, मुंबई |
| 7 | क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ |
| 8 | क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ |
| 9 | क्षेत्रीय केंद्र, इंफाल |
| 10 | क्षेत्रीय केंद्र, गुवाहाटी |

| **क्रम संख्या** | **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के शैक्षणिक संस्थान** | **टिप्पणियां** |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, मणिपुर, इंफाल | 2018 में शुरू किया गया |
| 2. | लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) ग्वालियर | युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत |
| 3. | नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला | साई के अंतर्गत |
| 4 | लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कॉलेज (एलएनसीपीई), तिरुवनंतपुरम | साई के अंतर्गत |

*****

**अनुबंध-।।**

**डॉक्टर सुभाष रामराव भामरे, डॉक्टर हिना विजयकुमार गावीत, श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे, डॉक्टर अमोल रामसिंह कोल्हे, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्री कुलदीप राय शर्मा, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 04/07/2019 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2154 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पिछले 3 वर्षों 2016-2019 और चालू वर्ष के दौरान साई खेल संवर्धन स्कीमों का ब्यौरा ।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2015-2016** | | | | | |
| | | **केन्द्र** | | लड़के | लड़कियाँ | **कुल** |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 64 | | 846 | 252 | **1098** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 18 | | 1201 | 0 | **1201** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 58 | | 3894 | 1731 | **5625** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 19 | | 1055 | 807 | **1862** |
| 5 | एसटीसी/एसएजी के विस्तार केंद्र | 73 | | 953 | 512 | **1465** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 15 | | 235 | 191 | **426** |
| 7 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 05 | | 59 | 37 | **96** |
| | **कुल:** | **252** | | **8243** | **3530** | **11773** |
| | **2016-2017** | | | | | |
| | | **केन्द्र** | | लड़के | लड़कियाँ | **कुल** |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 64 | | 1123 | 252 | **1375** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 24 | | 1352 | 0 | **1352** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 59 | | 4535 | 1963 | **6498** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 19 | | 1120 | 880 | **2000** |
| 5 | एसटीसी/एसएजी के विस्तार केंद्र | 95 | | 996 | 647 | **1643** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 15 | | 266 | 211 | **477** |
| 7 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 13 | | 261 | 78 | **339** |
| | **कुल:** | **289** | | **9653** | **4031** | **13684** |
| | **2017-2018** | | | | | |
| | | **केन्द्र** | | **लड़के** | **लड़कियाँ** | **कुल** |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 65 | | 1125 | 242 | **1367** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 27 | | 1591 | 0 | **1591** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 59 | | 4804 | 2063 | **6867** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 20 | | 1189 | 978 | **2167** |
| 5 | एसटीसी/एसएजी के विस्तार केंद्र | 86 | | 1133 | 804 | **1937** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 15 | | 270 | 209 | **479** |
| 7 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 15 | | 369 | 130 | **499** |
| | **कुल:** | **287** | | **10481** | **4426** | **14907** |
| | **2018-2019** | | | | | |
| | | **केन्द्र** | | **लड़के** | **लड़कियाँ** | **कुल** |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 61 | | 1112 | 230 | **1342** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 26 | | 1488 | 0 | **1488** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 59 | | 4589 | 1986 | **6575** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 21 | | 1256 | 925 | **2181** |
| 5 | एसटीसी/एसएजी के विस्तार केंद्र | 90 | | 1308 | 866 | **2174** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 16 | | 214 | 262 | **476** |
| | **कुल:** | **273** | | **9967** | **4269** | **14236** |

*****

**अनुबंध-।।।**

**डॉक्टर सुभाष रामराव भामरे, डॉक्टर हिना विजयकुमार गावीत, श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे, डॉक्टर अमोल रामसिंह कोल्हे, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्री कुलदीप राय शर्मा, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 04/07/2019 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2154 के भाग (ड़) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पिछले तीन वर्षों के लिए साई खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत निधियों का आबंटन**

**(**लाख में**)**

| **क्र. सं.** | **स्कीमें** | **शेष भारत** | **पूर्वोत्तर** | कुल |
|---|---|---|---|---|
| | **2016-2017** | | | |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) | 65.00 | 10.00 | **75.00** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी (एबीएससी) | 600.00 | 0.00 | **600.00** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) | 3160.00 | 440.00 | **3600.00** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) | 575.00 | 700.00 | **1275.00** |
| 5 | उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) | 400.00 | 50.00 | **450.00** |
| 6 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 1500.00 | 0.00 | **1500.00** |
| | कुल: | **6300.00** | **1200.00** | **7500.00** |
| | **2017-2018** | | | |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) | 100.00 | 15.00 | **115.00** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी (एबीएससी) | 1000.00 | 80.00 | **1080.00** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) | 3950.00 | 420.00 | **4370.00** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) | 600.00 | 620.00 | **1220.00** |
| 5 | उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) | 350.00 | 45.00 | **395.00** |
| 6 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 500.00 | 20.00 | **520.00** |
| | कुल: | **6500.00** | **1200.00** | **7700.00** |
| | **2018-2019** | | | |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) | 135.00 | 20.00 | **155.00** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी (एबीएससी) | 1150.00 | 80.00 | **1230.00** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) | 3900.00 | 450.00 | **4350.00** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) | 750.00 | 700.00 | **1450.00** |
| 5 | उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) | 365.00 | 50.00 | **415.00** |
| 6 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) | 0.00 | 0.00 | **0.00** |
| | कुल: | **6300.00** | **1300.00** | **7600.00** |

*****